# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 29.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 29.07.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 16 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें भूमि विवाद 03, पारिवारिक विवाद 02, पैसे का लेन-देन से संबंधित विवाद 01, मार-पीट से संबंधित विवाद 02, तथा शेष 08 अन्य से सम्बंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 29.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆"ऑपरेशन मजनू" अभियान के तहत में थाना सिद्धार्थनगर मिशन शक्ति/एन्टीरोमियों पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।**

आज दिनांक 29.07.2026 को थाना सिद्धार्थनगर मिशन शक्ति/एन्टीरोमियो पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन मजनू के तहत भीड़- भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग किया गया साथ ही बाजार आने जाने वाली महिलाओं एवम बालिकाओं को मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वावलंबन) फेज़-5 तथा ऑपरेशन मजनू अभियान के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई तथा शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नंबर जैसे- 1090, 181, 112,1076,1098,108 की विस्तृत जानकारी दी गयी तथा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान ग्राम भीमापार में अनावश्यक धूम रहे व्यक्ति द्वारा स्कूल से आ रही छात्राओं से मोबाइल नंबर मांगने का प्रयास कर रहा था। टीम द्वारा उक्त व्यक्ति को इस प्रकार का कृत्य न करने की चेतावनी दी गई, किंतु वह नहीं माना एवं उग्र हो गया। महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत उक्त व्यक्ति के विरुद्ध धारा 170/126/135 बीएनएसएस में निरोधात्मक कार्यवाही की गई। सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा हेतु इस प्रकार के अभियान लगातार जारी रहेंगे।

## प्रेस नोट दिनांक 29.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना भवानीगंज कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम सागरौजा मे वरिष्ठ नागरिको/दिव्यांगजन के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में व विजयशंकर सिंह थानाध्यक्ष भावानीगंज के नेतृत्व में कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 29.07.2026 को थाना भवानीगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सागरौजा में जाकर जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान लगभग 70 वर्षीय व उससे अधिक कुल 08 बुजुर्ग नागरिक व दिव्यांग व्यक्तियों के साथ बैठकर व भ्रमण कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 राम शब्द यादव

02.का0 रवि जायसवाल

03.म0का0 कालिंदी मौर्या

## प्रेस नोट दिनांक 29.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना कपिलवस्तु कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के कस्बा अलीगढ़वा में वरिष्ठ नागरिको एवं दिव्यांगजनों के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में जनसंवाद/गोष्ठी का आयोजन किया गया तथा उनकी समस्याओं के संबंध मे जानकारी प्राप्त की गयी व कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे जानकारी दी गयी।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत, डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह थाना कपिलवस्तु के कुशल नेतृत्व में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 29/07/2026 को थाना कपिलवस्तु के कस्बा अलीगढ़वा में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान लगभग 70 वर्ष बुजुर्ग नागरिक व दिव्यांगजनों सहित ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है, तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं।इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

## प्रेस नोट दिनांक 29.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना उसका बाजार कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम तिघरा मे वरिष्ठ नागरिको व दिव्यांगजनों के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत, डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 29.07.2026 को प्रभारी निरीक्षक उसका बाजार संतोष कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना उसका बाजार कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम तिघरा में कम्यूनिटी पुलिसिंग का आयोजन कर वरिष्ठ नागरिको व दिव्यांगजनों के साथ गोष्ठी की गयी तथा उनकी समस्याओं को जाना गया तथा शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे बताया गया, गोष्ठी में सदस्यगण, ग्राम प्रधान, वरिष्ठ नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस गोष्ठी का उद्देश्य पुलिस और स्थानीय समुदाय के बीच सहयोग व सहभागिता से विश्वास कायम करना है। CPU सामुदायिक कल्याण की गतिविधियों के माध्यम से जनता व पुलिस के बीच की दूरी को कम करेगी एवं CPU द्वारा बुजुर्गों से नियमित संपर्क, मदद हेतु सीधा नंबर उपलब्ध कराना, दिव्यांगजनों की सूची बनाकर संवाद, रेलवे स्टेशन/बस स्टैंड पर लावारिस बच्चों व बेसहारा लोगों की मदद, अनाथालय व वृद्धाश्रम में जाकर समस्याएं सुलझाना, मेलों में खोया-पाया केंद्र का संचालन तथा नशा व साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता जैसे कार्य किए जाएंगे। सभी उपस्थित लोगों ने पुलिस का पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। साथ ही उपस्थित जनों को उच्चाधिकारियों के आदेशों-निर्देशों से भी अवगत कराया गया।

**थाना उसका बाजार कम्युनिटी पुलिस टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 रामप्रसाद थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।
02.हे0का0 नौमीनाथ, सिकन्दर गुप्ता थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।
03.म0का0 प्रिया सिंह, अंशु शुक्ला थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 29.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना मिश्रौलिया मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम असिघवा में महिलाओं/बालिकाओं को महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 29.07.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना मिश्रौलिया मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम असिघवा में महिलाओं/बालिकाओं को महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0नि0 बबुना यादव

2.रि0म0आ0 बिन्दु निषाद

## प्रेस नोट दिनांक 29.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना ढेबरुआ मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम खजुरिया शर्की की महिलाओं/बालिकाओं को साइबर जागरूकता अभियान के तहत महिला अपराध व उससे बचाव तथा गुड-बैड टच के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 29.07.2026 को थाना क्षेत्र के ग्राम खजुरिया शर्की की महिलाओं/बालिकाओं को साइबर जागरूकता अभियान के तहत महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचाव तथा गुड-बैड टच के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 सोमनाथ शर्मा

02.हे0 का0 रमाशंकर सिंह

03.रि0म0आ0 दीपिका तिवारी

<u>**प्रेस नोट दिनांक 29.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर**</u>

**◆थाना मोहाना कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम हरिदासपुर मे वरिष्ठ नागरिको/दिव्यांगजन के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में व जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष मोहाना के नेतृत्व में कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 29.07.2026 को थाना मोहाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम हरिदासपुर में जाकर जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान लगभग 70 वर्षीय व उससे अधिक के बुजुर्ग नागरिक व दिव्यांग व्यक्तियों के साथ बैठकर व भ्रमण कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0नि0 विजय प्रताप यादव

2.का0 विजय

3.म0का0काजलअग्रहरि

## प्रेस नोट दिनांक 29.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना खेसरहा कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम पिपरा मे वरिष्ठ नागरिको/दिव्यांगजन के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण में व अनुप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष खेसरहा के नेतृत्व में कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 29.07.2026 को थाना खेसरहा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पिपरा में जाकर जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान लगभग 70 वर्षीय व उससे अधिक के बुजुर्ग नागरिक व दिव्यांग व्यक्तियों के साथ बैठकर व भ्रमण कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0नि0 वीरेंद्र सिंह

2.हे0का0 राहुल सिंह

# प्रेस नोट दिनांक 29.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना गोल्हौरा कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम महुआ कला मे वरिष्ठ नागरिकों/दिव्यांगजन के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में व रामदेव थानाध्यक्ष गोल्हौरा के नेतृत्व में कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 29.07.2026 को थाना गोल्हौरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम महुआ कला में जाकर जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान लगभग 70 वर्षीय व उससे अधिक के बुजुर्ग नागरिक व दिव्यांग व्यक्तियों के साथ बैठकर व भ्रमण कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.हे0का0 कपिलदेव बौद्ध
2.का0 मनीष यादव
3.म0आ0 शीला पटेल

## प्रेस नोट दिनांक 29.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆सिद्धार्थनगर एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 फेज 2 के अन्तर्गत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ वाले स्थानों व मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 29.07.2026 को प्रभारी एण्टी रोमियो स्क्वॉड टीम/शक्ति मोबाइल द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत एण्टी रोमियो के तहत थानाक्षेत्र लोटन के बनियाडीह ,लोटन बाजार ,मोहाना बाजार ,बर्डपुर बाजार, मधुबेनिया, पुरानी नौगढ़ आदि स्थानों पर महिलाओं और बच्चियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090, 1098, 112, 181, 1930,108,102 आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई व थाना क्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग करते हुए महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही।

**एण्टी रोमियों टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 मीरा चौहान प्रभारी एंटी रोमियो स्क्वाड
02.म0हे0का0 मंजू मौर्य
03.म0का0 नेहा सिंह

## प्रेस नोट दिनांक 29.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना इटवा पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा एक नफर अभियुक्त को मादक पदार्थ 15.47 ग्राम स्मैक(हिरोईन) के साथ गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्वेक्षण में एवं संजय कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक इटवा के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान रोकथाम तस्करी के तहत आज दिनांक 29.07.2026 को थाना इटवा पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर के चौकी क्षेत्र जिगनाधाम के ग्राम सोननगर के पास से एक नफर अभियुक्त को 15.47 ग्राम स्मैक ( हिरोईन ) के साथ गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-1702026 धारा 8/22एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -**

01.प्रदीप पुत्र रमेश निवासी गजेड़ी थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण -**

1.निरी0 सामान्य महेन्द्र सिंह मय हमराह उ0नि0 सामान्य एम0टोल्पि साक सिंह,सहायक उ0नि0सा0राजेन्दर सिंह 50वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ए समवाय मल्गहिया पचपेड़वा बलरामपुर।

2.उ0नि0 वशिष्ठ नारायण थाना इटवा जनपद सिद्धार्थगर।

3.मुख्य आरक्षी राजमणि गौड़ थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।

आरक्षी सामान्य बृजेश सिंह ,आरक्षी सामान्य अमित कुमार ,50वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ए समवाय मल्गहिया पचपेड़वा बलरामपुर।

## प्रेस नोट दिनांक 29.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान एवं मिशन मजनू के तहत थाना गोल्हौरा मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम मधुबेनिया में महिलाओं/बालिकाओं को महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 29.07.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष रामदेव थाना गोल्हौरा के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना गोल्हौरा मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर मिशन मजनू, एण्टीरोमियो चेकिंग की गई तथा ग्राम मधुबेनिया में महिलाओं/बालिकाओं को महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0नि0 रामनाथ यादव
2.उ0नि0 दीनदयाल सिंह
3.मु0आ0 विनोद कुमार
4.आ0 मनीष वर्मा
5.म0आ0 बबिता सिंह, म0 आ0 चाँदनी मिश्रा

## प्रेस नोट दिनांक 29.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना जोगिया उदयपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पति-पत्नी के पारिवारिक विवाद को सुलझाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए दोनो को सकुशल उनके घर भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर क्रम मे एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी के निर्देशन में अभय सिंह थानाध्यक्ष  जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में आज दिनांक 29.07.2026 को आवेदिका मांडवी पत्नी शुभकरन ग्राम सुपाराजा थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा शिकायत किया गया था कि आवेदिका व उनके पति शुभ करन साकिन सुपाराजा थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर के मध्य कुछ कहा - सुनी हुआ था जिससे आपस में मनमुटाव हो गया था उभय पक्षों की मिशन शक्ति टीम द्वारा काउंसलिंग की गई दोनो पक्षो (पति-पत्नी) को उनके आपसी रिश्तों एंव बच्चे के प्रति उनके दायित्वों व पारिवारिक कर्तव्यों के बारे में अवगत कराया गया जिससे दोनो पक्ष (पति- पत्नी) राजी-खुशी से साथ रहने के लिये तैयार हुए। अब दोनों पक्षों के मध्य कोई विवाद नही है। पति-पत्नि  सकुशल एक साथ राजी-खुशी घर भेज दिया गया। उक्त पुलिस कार्यवाही की आम जनमानस द्वारा सराहना की गयी।

**मिशन शक्ति केन्द्र टीम का विवरण-**

1.उ0नि0 नरेंद्र मणि गुप्ता थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

2.हे0का0 भुआल यादव थाना जोगिया उदयपुर जिला सिद्धार्थ नगर।

3.म0का0 पूजा यादव थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 29.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना खेसरहा पुलिस द्वारा त्यौहार श्रावण मास, चेहल्लूम व बरावफात को सकुशल सम्पन्न कराने व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर संभ्रांत व्यक्तियो, धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण, अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 29.07.2026 को थाना स्थानीय पर थाना स्थानीय के समस्त अधिकारी / कर्म0गण व क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियो तथा हिन्दु, मुस्लिम समुदाय के समस्त धर्मगुरूओ व मौलवीयो तथा ग्राम प्रधान की उपस्थिति में त्यौहार श्रावण मास,चेहल्लूम,बरावफात को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना स्थानीय पर पीस कमेंटी की मीटिंग की गयी। तथा उच्च अधिकारीगण द्वारा दिये गये आदेशो निर्देशो से सभी को अवगत कराया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 29.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थानाध्यक्ष शिवनगर डिड़ई द्वारा आगामी त्यौहार चेहल्लुम व श्रावण मास को सकुशल सम्पन्न कराये जाने दृष्टिगत थाना स्थानीय पर ग्राम प्रधान व संभ्रान्त व्यक्तियो के साथ गोष्ठी की गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के कुशल निर्देशन मे क्षेत्राधिकारी बाँसी शुबेंदु सिंह के कुशल पर्यवेक्षण मे आज दिनांक 29.07.2026 को थानाध्यक्ष शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर  बृजेश सिंह की अध्यक्षता मे आगामी त्यौहार चेहल्लुम व श्रावण मास के दृष्टिगत ग्राम प्रधान व संभ्रान्त व्यक्तियो के साथ गोष्ठी की गयी तथा उच्चाधिकारी गणो द्वारा दिये आवश्यक दिशा निर्देश से अवगत कराया गया। गोष्ठी के दौरान क्षेत्र के संभ्रान्त व्यक्तियो, धर्मगुरूओ के साथ साथ थाना स्थानीय पर मौजूद सभी अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

**प्रेस नोट दिनांक 29.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना इटवा पुलिस की प्रभावी पैरवी से मारपीट के 02 आरोपियों को 03-03 वर्ष के कठोर कारावास व प्रत्येक को ₹6,000-6,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम मे आज दिनांक 29.07.2026 को वाद सं0-1107/2021 मु0अ0सं0-158/19 धारा 323,325 भादवि थाना इटवा में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री मोहम्मद रफी, अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-01 जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तगण 01.गुलजार पुत्र रौवाब 02.खुजहा उर्फ जकी पुत्र मो0 मुस्लिम निवासीगण ग्राम मूसा थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर को धारा 323 भादवि में 01-01 वर्ष के साधारण कारावास व प्रत्येक को ₹1,000-1,000/- व धारा 325 भादवि में 03-03 वर्ष के कठोर कारावास व प्रत्येक को ₹5,000-5,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता चन्द्र प्रकाश पाण्डेय तथा आरक्षी संजय चौरसिया थाना इटवा का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रेस नोट दिनांक 29.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार श्रावण मास, चेहल्लुम व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 29.07.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार श्रावण मास, कावड़ यात्रा, चेहल्लुम व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।